वर्ष 28 अंक 270
पृष्ठ 22+4+4=30
बरेली, रविवार
11 जून 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

TOP RIGHT –PAGE NO 8

मेजबान एसआरएमएस बना चैंपियन

बरेली : एसआरएमएस मैदान में चल रहे अंडर 14 ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मेजबान एसआरएमएस अकादमी ने टीएमयू मुरादाबाद को हराकर चैंपियनशिप कब्जा ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस की टीम महज 62 रन बनाकर ढेर हो गई। मनीष यादव ने 23 और अनंत ने सर्वाधिक 10 रन का योगदान किया। टीएमयू की ओर से प्रियांशु, अक्षु, देवांक और रोबिन ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीएमयू की सारी टीम महज 55 रन बनाकर आउट हो गई। देवांक ने 24 रन की पारी खेली। शुभ ने चार, अनंत ने तीन और शिवम ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच शुभ मिश्रा को मिला। मैन ऑफ द सिरीज अनंत भटनागर, बेस्ट बल्लेबाज मनीष यादव, बेस्ट फील्डर टीएमयू के प्रियांशु बने। देवांश मूर्ति को उभरते खिलाड़ी का खिताब मिला। ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, प्रशासक सुभाष मेहरा, ने वजित-उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया। चेयरमैन देवमूर्ति ने अकादमी के विजेता बनने पर खिलाड़ियों को बधाई दी। रिचा मूर्ति, मो . वदन खान, अंपायर राजीव सैनी, रितिश गवेदी, कोच मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।